खण्ड-9 संख्या-19

# नवम् बिहार विधान-सभा

## विधान-सभा वादवृत्त

**भाग-1, कार्यवाही प्रश्नोत्तर**

बुधवार, तिथि 20 जुलाई, 1988 ई0

(2) उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है इस पुल का कार्य समाप्त करने का लक्ष्य जून, 1988 था।

(3) कार्य समाप्त करने का लक्ष्य दिसम्बर, 1989 है।

**श्री सीताराम सिंह :** अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने कार्य समाप्त करने के बारे में क्या कहा मैंने सुना नहीं।

**श्री गौरी शंकर पाण्डेय :** दिसम्बर 1989

**श्री सीताराम सिंह :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से जानना चाहता हूँ कि सरकार ने जो लक्ष्य निर्धारित किया था क्या नक्शा, पुल का नक्शा उपलब्ध नहीं कराने के वजह से यह कार्य समय पर सम्पादित नहीं हुआ?

**श्री गौरी शंकर पाण्डेय :** कारण जो भी हुआ हो, लेकिन 1989 में काम पूरा करा दिया जयेगा।

**श्री सीताराम सिंह :** अध्यक्ष महोदय..........

**अध्यक्ष :** जब काम पूरा करने की बात कह दें माननीय मंत्री तो फिर सप्लेमेंट्री क्यों?

## पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई

**2544. श्री उस्मान गनी :** क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत विथान-सलौना सड़क निर्माण कार्य में निविदा और नियमानुसार कार्य नहीं होकर उसमें दो नम्बर की ईट लगाई जा रही है. तथा मेटल और अलकतरा भी उचित मात्रा

में नहीं दिया जाता है जिससे सड़क-निर्माण का कार्य ठीक से नहीं हो पा रहा है;

(2) यदि उपुर्यक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क-कार्य में हुई अनियमितता की जांच कराकर संबंधित पदाधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

**श्री मोतिउर रहमान** : अध्यक्ष महोदय, 88 जून तक यह कार्य समाप्त हो जायेगा, इस तरह की बात थी, लेकिन क्या है, कौन सा वजह है, जिसके कारण यह पुल अभी तक तैयार नहीं हो सका? जिससे लाखों-लाख लोगों की कठिनाई बढ़ गई, इस पर ध्यान देना चाहिये और माननीय मंत्री से यह जबाब.......

**अध्यक्ष** : ध्यान दे रहे हैं, मंत्री भी सुन रहे हैं।

**श्री मोतिउर रहमान** : क्या कारण है? क्यों नहीं बना?

**श्री मो० हिदायुतल्ला खाँ** : अध्यक्ष महोदय, जैसा कि जवाब में बतलाया गया, इसको समाप्त करने का लक्ष्य जून, 88 था; लेकिन कुछ शुरु में निधि की कमी के वजह से जिस गति से काम होना चाहिये था, नहीं हो सका, अब इसका लक्ष्य अगले साल ने दिसम्बर का रखा है, इसको हम पूरा कर देंगे।

**श्री सुरेश प्रसाद मिश्र** : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से जानना चाहता हूँ कि माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग का गृह जिला मोतिहारी है और माननीय मंत्री, पथ निर्माण ने वहां के लोगों के बीच यह कहा था कि मुख्यमंत्री जी का आदेश है कि यह पुल नहीं बनाया जायेगा? मंत्री ने कहा था कि मुख्यमंत्री जी का आदेश है वित्तीय स्थिति

खराब है इसलिये यह दो साल के बाद बन सकेगा? माननीय मंत्री की कौन सी बात सही है? जो हाउस में कह रहे हैं वह या जो लोगों के बीच कहे थे वह?

**श्री मो0 हिदायतुल्ला खां :** अभी तक 40 प्रतिशत काम हो चुका है।

**अध्यक्ष :** इस तरह की जैनरल बात किसी खास स्कीम के बारे में नहीं कही गई होगी।

प्रश्नोत्तर-काल समाप्त। जिन प्रश्नें के उत्तर तैयार हों, उन्हें सभा-मेज पर रख दिये जायं।

**सूरज कुमार नन्दक्योलिथार**

सचिव

बिहार विधान-सभा

पटना :

दिनांक : 20 जुलाई 1988 ई०